एक नजर में

80 टीबी मरीजों को पोषाहार किट का वितरण

मनावर। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की धार सीमेंट वर्क्स इकाई द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 80 टीबी मरीजों को पोषाहार किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में नवागत संस्थान प्रमुख श्री नीतेश निराला द्वारा किट वितरित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. चंपा बघेल, मानव संसाधन प्रमुख श्री राजेश जैन, सीएसआर प्रमुख श्री विपिन सक्सेना, मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील देसाई, टीबी विभाग प्रमुख गौरव पाटीदार तथा स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर श्री मुकेश पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. चंपा बघेल एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने श्री नीतेश निराला का आत्मीय स्वागत किया। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन में उनके सहयोग के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि अल्ट्राटेक सीमेंट सीएसआर के तहत मनावर ब्लॉक के 80 टीबी मरीजों को पिछले पांच माह से निरंतर पोषाहार उपलब्ध करा रहा है और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के अंत में गौरव पाटीदार ने अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

पुस्तक मेले में रियायती कीमतों पर मिली बच्चों को किताबें और अन्य शिक्षण सामग्री

बाकानेर। पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय पुस्तक मेंले का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि उपसरपंच श्रीमती ममता जायसवाल ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री सत्यनारायण सूर्यवंशी बि आर सी राजेश रावल प्राचार्य श्रीमती किरण वास्केल ने फिता काट कर मेले का शुभारंभ किया नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले लगाया गया पुस्तक मेला अभिभावकों के लिए बड़ी राहत दे रहा है क्योंकि यहां पर किताबें , रजिस्टर पेन कॉपी पेंसिल विशेष छुट के साथ उपलब्ध है। पुस्तक मेले को लेकर अभिभावकों का कहना है कि स्कूल शुरू होने से पहले जो एक प्लेटफॉर्म दिया गया है, जहां से कॉपी-किताब, रजिस्टर, पेंसिल, बैग, यूनिफॉर्म जैसी चीजें कम दाम में मिल रही हैं, तो इससे कुछ हद तक राहत मिली है क्योंकि स्टेशनरी दुकानों पर कई बार कहने के बाद भी डिस्काउंट नहीं मिलता था लेकिन यहां बिना कहे ही डिस्काउंट मिल रहा है, तो यह अच्छी बात है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण सूर्यवंशी ने कहा कि शासकीय अशासकीय स्कूलों के बच्चों को उचित दर पर पुस्तकें एवं स्टेशनरी यूनिफॉर्म आदि सामान कम दाम पर उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य यह मेले का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेंद्र सोलंकी ने किया तथा आभार जन शिक्षक तेजा लाल पावर ने माना इस अवसर पर संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं शासकीय और शासकीय विद्यालय छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित थे.

वन विभाग ने किया खाटला बैठक का आयोजन

बाग। वन परिक्षेत्र बाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम भत्यारी में वन विभाग द्वारा खटला बैठक का आयोजन किया गया। वनमंडलाधिकारी श्री विजयनंथम टी आर के आदेशानुसार एवं उपमंडलाधिकारी सुनील सुल्या के मार्गदर्शन में वन कर्मचारियों ने ग्रामीणों की बैठक ली। जिसमें मानव-वन्यजीव द्वंद्व की घटनाओं के नियंत्रण हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), डॉ समिता राजोरा भोपाल के द्वारा जारी गाइड लाइन के बारें में बताया। वर्तमान समय में प्रदेश में महुआ संग्रहण कार्य गतिशील हैं और अगले माह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ होने वाला है। ज्यादातर संग्रहण कार्य भोर पूर्व प्रारम्भ होता हैं। जिससे वन क्षेत्र में मानव-वन्यप्राणी द्वंद्व की अधिक संभावना बनी रहती हैं। इस द्वंद्व से बचने के संबंध में बीटगार्ड विजयेन्द्र पाल सिंह अजनारिया ने ग्रामीणों को बताया कि हिंसक वन्यप्राणियों से सावधानी के बारे में बताया । संग्रहण कार्य समूह में करें , वन क्षेत्र में जाते समय टॉर्च , मोबाइल, पानी की बोतल , डंडा जैसी आवश्यक सामग्री साथ रखें। जंगल में भोजन पकाने के लिए आग न लगावे वहीँ वन क्षेत्र में धूम्रपान न करें। बैठक में परिक्षेत्र सहायक चिकपोटी श्री राजेश यादव , बीटगार्ड बहादुर सिंह रणदा ,तेंदूपत्ता संग्रहण समिति अध्यक्ष श्री गजराज रावत एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

टीईटी के खिलाफ शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने विशाल रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा
मातृ शक्ति ने रैली में जोरदार प्रदर्शन किया

सरदारपुर । सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों की टीईटी परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे शिक्षकों के सम्मान को ठेस पहुंची है शिक्षक संयुक्त मोर्चा सरदारपुर ने नगर में विशाल रैली का आयोजन किया । रैली में मातृ शक्ति ज़ोरदार नारेबाजी करते हुए शीरीन कुरैशी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया । टीईटी परीक्षा निरस्त करो.... निरस्त करो ज़ोरदार नारेबाजी की गई। ज्ञापन मुख्य मंत्री के नाम टीईटी परीक्षा निरस्त करने एवं प्रमुख मांगो के संबंध में प्रतिनिधि तहसीलदार बामनिया को सौंपा गया।

माली समाज ने फुले जयंती मनाई, निकला भव्य चल समारोह

कुक्षी। नगर के माली समाज द्वारा समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय माली समाज धर्मशाला से एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

चल समारोह के दौरान बच्चे महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले का प्रतीकात्मक रूप धरकर झांकी में शामिल हुए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ सुसारी बाईपास स्थित महात्मा फुले चौराहे पहुँचा। यहाँ समाज जनों और अतिथियों द्वारा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा धार ग्रामीण अध्यक्ष चंचल पाटीदार, अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री वीरेंद्रसिंह बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकेश चौहान और जय आदिवासी युवा संगठन (जयस) के प्रदेश संयोजक रविराज बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस और समाज हित के लिए अटूट समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने समाज में बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज को शिक्षित व मजबूत बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने महात्मा फुले द्वारा दिखाए गए मानव उत्थान के नियमों पर चलने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर माली समाज कुक्षी के अध्यक्ष हीराभाई माली, राघव माली माली, नाथूलाल माली, प्रेमकुमार माली, विनोद माली, श्याम माली, अशोक माली,धर्मेंद्र माली ,रविन्द्र माली, देवकुमार माली, राकेश माली, राजेंद्र माली, संतोष माली,भेरूलाल माली,वीरेंद्र माली , जितेंद्र माली,लोकेश माली ,नंदलाल कछावा, मदन कछावा, मुकेश मली, अर्जुन माली,वाहत माली , राघव माली आदि समाज जन उपस्थित रहे।

नागदा में शिव महापुराण की शुरुआत, कलश यात्रा में गूंजा हर-हर महादेव

नागदा। बस स्टैंड स्थित रत्न सागर विहार कॉलोनी में आज से सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य और मंगलमय शुभारंभ हुआ। श्री महाकाल महिला भक्त मंडल द्वारा आयोजित इस कथा के प्रथम दिन समूचा क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में सराबोर नज़र आया। कथा के आरम्भ से पूर्व एक विशाल और भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

प्रथम दिवस प्रात: 10:00 बजे भव्य कलश यात्रा का प्रारंभ बस स्टैंड स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। यात्रा ढोल-नगाड़े, बैंड बाजों के साथ निकाली गई । श्रद्धालुओं

द्वारा रास्ते में कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।कलश यात्रा के कथा स्थल पहुँचने के पश्चात विधिवत पूजन और कलश स्थापना की गई। कथा के प्रथम दिन के मुख्य यजमानों- श्री त्रिलोक चंद्र शुक्ला और श्री अमन शीतल प्रसाद पाण्डे- ने व्यास पीठ एवं पोथी जी का पूरे विधि-विधान और पवित्रता के साथ पूजन किया।इसके पश्चात व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक परम पूज्य गुरुजी पंडित श्री अनिल शास्त्री जी (जलोद) ने कथा का वाचन आरंभ किया।

संयुक्त मोर्चा ने टीईटी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

बदनावर। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा तहसील शाखा बदनावर द्वारा टीईटी के विरोध में ज्ञापन दिया गया सर्वप्रथम अध्यापक और शिक्षक सामूहिक रूप से नंदराम चोपड़ा विद्यालय में सामूहिक एकत्रित हुए जिसके पश्चात संगठन के पदाधिकारीयो ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिपेक्ष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट उत्तीर्ण करने हेतु जो निर्देश शासन द्वारा जारी किए गए हैं उस संबंध में अपने अपने विचार अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारीयो ने रखे।

इसके बाद नंदराम चोपड़ा से सैकड़ों शिक्षकों ने नारे लगाते हुए ओर रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय बदनावर पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भोपाल के नाम तहसीलदार सुरेश नागर को ज्ञापन सोपा जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई की अधिसूचना दिनांक 10 अगस्त 2010 के कंडिका 4 (क), (?) एवं कंडिक पांच के अनुसार क्रमश:

उल्लेख कर यह मांग की गई की 3 सितंबर 2001 के पश्चात नियुक्त शिक्षक (संविदा शाला शिक्षक) तथा शिक्षाकर्मी संविदा शाला शिक्षक तथा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरु जी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को टीईटी से छूट प्रदान की गई है द्य माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित निर्णय में भी छूट का उल्लेख किया गया है इसके बावजूद विभागीय आयुक्तों द्वारा समस्त सेवारत टेट शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु बाध्य किया जाना , अधिसूचना के प्रावधानों एवं माननीय न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत है द्य साथ ही यह मांग की गई कि आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा दिनांक 2 मार्च 2026 तथा आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग मध्य प्रदेश द्वारा दिनांक 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए द्य जिससे प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए ताकि तनावग्रस्त शिक्षकों को मानसिक रूप से राहत मिल सके द्य नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की लंबे समय से की जा रही ज्वलंत मांग को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जाएं ताकि पेंशन, ग्रेजुटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभ पदोन्नति एवं क्रमोन्नति की भाती सुनिश्चित हो सके। वाचन अंसार खान ने किया।

मालवा चर्च काउंसिल का 100वां स्थापना दिवस मनाया

धार (निप्र)। प्रेसबिटेरियन चर्च मसीह मंदिर धार, अल्वान मालवा वेलफेयर सोसाइटी धार,वाईटल पैरामेडिकल कॉलेज झाबुआ और आनंद नगर पुनर्वास केंद्र धार के संयुक्त तत्वाधान में जवाहर मार्ग धार पर स्थित मॉडरेटर हाउस में मालवा चर्च काउंसिल संस्था के 100 वर्ष पूरे होने की खुशी में संस्था का ऐतिहासिक स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट श्री अरविंद विन्सेंट गिल्बर्ट थे। अध्यक्षता मॉडरेटर रेव्हरेण्ड सुभाष डेविड कुरिया द्वारा की गई ।विशेष अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजू फ्रांसिस, क्रीड़ा जगत के भीष्म पितामह श्री शमशेर सिंह यादव

और वाईटल पैरामेडिकल कॉलेज झाबुआ के डायरेक्टर श्री शैलेंद्र डेविड थे। एडवोकेट श्री गिल्बर्ट ने कहा कि मैं संस्था के स्वर्णिम युग का सक्रिय सदस्य रहा हूं। हमारे बुजुर्गों ने चिकित्सा, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। मॉडरेटर रेव्हरेण्ड सुभाष डेविड कुरिया ने बताया कि स्वर्गीय डॉक्टर मार्गरेट ओहारा धार की प्रथम मिशनरी थी। स्वर्गीय डॉ. आर.पी. दास हमारे प्रेरणा स्रोत हैं,उन्होंने अपनी



सेवाओं से संस्था को नहीं ऊंचाइयां दी है। मालवा चर्च काउंसिल का 7 अप्रैल 1927 से 7 अप्रैल 2026 का 100 वर्षीय कार्यकाल प्रभावशाली रहा है। संस्था ने अपने धार्मिक विश्वास अंतर्गत मालवा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, अस्पताल, आश्रम और अनेक सामाजिक आर्थिक प्रोजेक्ट संचालित किए है ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजू फ्रांसिस ने कहा कि 17 मार्च 1905 को प्रेसबिटेरियन चर्च की स्थापना हुई।

इस अवसर पर रामगोपाल राठौर, सिस्टर विमला मसीह, सेरा स्वरूप फ्रांसिस, श्रीमती हंसारानी डेविड, श्री भादर सिंह पंवार, सादिक शफी खान, श्री उत्कर्ष डेविड श्रीमती शलाका हिवाले डेविड, श्री सचिन पाल, श्री राहुल पाल, श्रीमती दीपा निकल्स, श्री आलोक दास, श्री जॉनसन डामोर, श्री मेहमूद भाई ,श्री शकील मंसूरी, श्री शफीक मंसूरी, श्री दयानिधि वर्मा,श्री आशीष अम्लीयार, श्री एनोश मसीह, सहित समाज के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन हंसारानी डेविड ने किया।

एक नजर में — नालछा में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न, दिग्गज नेताओं ने किया संबोधन

भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत 7 सत्रों में हुआ प्रशिक्षण, विधायक कालुसिंह ठाकुर की रही विशेष उपस्थिति

मांडू/नालछा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी नालछा मंडल द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में पहले दिन दो तथा दूसरे दिन पांच सत्रों के माध्यम से संगठन की कार्यप्रणाली,विचारधारा एवं समसामयिक विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

प्रशिक्षण वर्ग के दोनों दिवस क्षेत्र के विधायक कालुसिंह ठाकुर जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए जनसेवा में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया तथा प्रशिक्षण वर्ग को

कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

उद्घाटन सत्र में वक्ता विनोद शर्मा ने संगठन की कार्यशैली, अनुशासन एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री कालुसिंह ठाकुर,मन की बात कार्यक्रम धार ग्रामीण जिला प्रभारी श्री रविन्द्र परिहार, भाजपा धार ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष श्री संतोष राठौड़, जनपद उपाध्यक्ष श्री दिलीप डावर एवं नालछा मंडल अध्यक्ष श्री रघु निनामा उपस्थित रहे।

द्वितीय सत्र (विषय ङ्क बूथ प्रबंधन) में वक्ता श्री रविन्द्र परिहार ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने,मतदाता संपर्क एवं चुनावी रणनीति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता मुनसिंह फुलफगर द्वारा की गई। तृतीय सत्र में वक्ता राधेश्याम यादव ने पार्टी की मूल विचारधारा, सिद्धांतों एवं राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस सत्र की अध्यक्षता श्री अरविंद चौहान ने की।

चतुर्थ सत्र में वक्ता डा. राज बर्फा ने पार्टी के ऐतिहासिक विकास, उपलब्धियों एवं संगठन की यात्रा को विस्तार से समझाया। इस सत्र की अध्यक्षता श्री मोहनलाल शर्मा द्वारा की गई। पंचम सत्र में वक्ता सरदार सिंह मेड़ा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। इस सत्र की अध्यक्षता श्री संतोष मिरदवाल ने की। षष्ठम सत्र (विषय ङ्क सोशल मीडिया) में वक्ता श्री ऋषभ पाटनी ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, जनसंपर्क के आधुनिक माध्यमों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। इस सत्र की अध्यक्षता श्री मोरसिंह गिरवाल द्वारा की गई।

सप्तम एवं समापन सत्र (विषय ङ्क कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि) में वक्ता राकेश मोटसरा ने संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने एवं बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री कालुसिंह ठाकुर, श्री सोमला बाबा, मांडू नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री कृष्णा यादव एवं सरपंच संघ नालछा ब्लॉक अध्यक्ष श्री प्रेम डावर उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गान से किया गया वही समापन ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया ।कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी श्री निखिल ग्वाल द्वारा किया गया जबकि अंत में आभार भाजपा नालछा मंडल अध्यक्ष श्री रघु निनामा ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा बूनकर प्रकोष्ठ धार जिला संयोजिका नेहा वीरेंद्र जायसवाल,मंडल संयोजक श्री मोहन डावर पूर्व महामंत्री सोनू यादव विधायक प्रतिनिधि सुधांशु तिवारी सोमनाथ जी तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र जी परिहार अतेंद्र जी जायसवाल पार्षद रतन जी बामणिया नंदू वसुनिया,मंडल व्यवस्था प्रमुख श्री विनोद ठाकुर एवं श्रीमती राजनंदनी गोकुल गिरवाल,मंडल वर्ग नियंत्रक श्री पवन कुशवाह,प्रदर्शनी प्रमुख श्री यश यादव,पंजीयन प्रभारी श्री आकाश कुशवाह,तकनीकी प्रभारी श्री सोनू मंडवाल,पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री डॉक्टर महेश यादव,अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश कलसाडिया,वरिष्ठ अशोक मिरदवाल,भोजपाल दरबार,कांतिलाल शर्मा,कार्यालय मंत्री श्री रवि प्रजापत,कैलाश कटारे,कैलाश मावी,गोलू पटेल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति पार्टी के पदाधिकारी वरिष्ठजन व युवा कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही,जिससे प्रशिक्षण वर्ग का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी बना रहा।